# समाज सेवी संस्था द्वारा 75 बालिकाओं को वितरित की गयी साइकिल

सदभावना का प्रतीक समाचार

बाबागंज विकासखंड के मांघी ग्राम सभा में एक निजी कॉलेज में निःशुल्क साइकिल वितरण का आयोजन महाराष्ट्र की एक एनजीओ द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी व वेकप इंडिया ट्रस्ट के निदेशक मोहम्मद इब्राहिम के द्वारा किया गया था जिसके अंतर्गत बाबागंज क्षेत्र के व बिहार क्षेत्र के 12 विद्यालयों के बालिकाओं का चयन साइकिल वितरण हेतु किया गया था जिसमें कुल 75 बालिकाओं को साइकिल का वितरण मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा कराया गया । कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य पूर्व सांसद कुँवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने व बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए साइकिल का वितरण किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन निसंदेह बहुत ही सराहनीय है वेकप इंडिया ट्रस्ट व इसके संचालक ,मोहम्मद इब्राहिम द्वारा किया गया कार्य समाज के धनाढ्य लोगों के लिए एक सबक है। मोहम्मद इब्राहिम ने निचले पायदान के लोगों के बच्चों के बारे में जो सोच विकसित किया है। निसंदेह वह सराहनीय है आज मोहम्मद इब्राहिम उन बच्चों के सहारा बने हैं जो पैदल विद्यालय जाने को विवश थे मैं इनके कार्य की प्रशंसा करते हुए राजा भैया परिवार की ओर से उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं देता हूं ।



बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने कहा कि जो समाज के लोगों के लिए चिंता करते हैं मोहम्मद इब्राहिम उनमें से कहीं आगे बढ़कर हैं मैं आज के इस कार्य की सराहना करता हूं और अपेक्षा करता हूं कि आने वाले दिनों में वेक अप इंडिया ट्रस्ट और बेहतर कर सकें इसके लिए हम लोग की जहां भी आवश्यकता होगी पूरा राजा भैया परिवार खडा मिलेगा मोहम्मद इब्राहिम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण अंचल में लोगों को चिकित्सीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से स्वास्थ शिविर का भी आयोजन संस्था करेगी संस्था द्वारा गरीबो की मदद के लिए समय-समय पर अच्छे व नए कार्य किए जा रहे हैं आज के आयोजन में मुख्य अतिथि गण ने जो समय दिया है वह समाज के लोगों ने जो समय दिया है मैंसभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बालिकाओं को जिन्हें आज साइकिल प्रदान की गई है उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख पंकज सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष कुलदीप पटेल सहित क्षेत्र के संभ्रांत जन उपस्थित रहे।